तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 23 जून 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


2 बारिश में अधूरी सड़क राहगीरों के लिए मुसीबत




(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)

प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर

मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


## कथित ऑडियो क्लिप को लेकर अजाक थाने में दर्ज कराई शिकायत

# सामाजिक और राजनैतिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की साजिश : मंजूषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के कलाकेन्द्र मैदान में मीना बाजार के आबंटन को लेकर वायरल कथित ऑडियो क्लिप के बाद जिले में राजनैतिक सरगर्मी बढ़ गई है। कथित लेनदेन को लेकर जारी ऑडियो क्लिप को लेकर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने अजाक थाना में शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान उन्होंने वायरल ऑडियो को पूर्ण रूप से निराधार, भ्रामक और मनगढ़ंत बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी व परिवार की छवि को खराब करने के उद्देश्य से यह ऑडियो बनाकर वायरल किया गया है। उन्होंने इस मामले में जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना में शिकायत करने पहुंची महापौर श्रीमती भगत काफी भावुक हो गई और रोते हुए उन्होंने कहा कि इस ऑडियो के वायरल होने के बाद पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है और यदि परिवार के किसी सदस्य को कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार कथित ऑडियो बनाकर वायरल करने व साजिश रचने वाले होंगे।

**खास बात**

- जांच व कार्रवाई की मांग, भावुक हुई मेयर निकले आंसू

बता दें कि रविवार को शहर में कला केंद्र मैदान में मीना बाजार के आबंटन हेतु एक कथित ऑडियो वायरल हुआ था। ऑडियो में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत और भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया पर रुपयों के लेनदेन के आरोप लगाए गए। इस ऑडियो क्लिप के वायरल होने के बाद से ही राजनैतिक सरगर्मी बढ़ गई है और कांग्रेस इसे लेकर हमलावर हो गई है। वहीं इस पूरे ऑडियो को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व भाजपा ने सोची समझी साजिश बताया है। इसी कड़ी में सोमवार को महापौर श्रीमती भगत व ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने अजाक थाना पहुंचकर सुनियोजित षड्यंत्र रचने वालों और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की मांग की। महापौर श्रीमती भगत ने अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि 21 जून को अनुराग मिश्रा द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों में एक कथित ऑडियो क्लिप प्रसारित की गई, जिसमें कला केंद्र मैदान/मीना बाजार से संबंधित कथित अवैध लेन-देन एवं भ्रष्टाचार के निराधार, भ्रामक एवं मनगढ़ंत आरोप लगाए गए हैं।



समर्थकों के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज करातीं महापौर।

### फोरेंसिक जांच की मांग

महापौर श्रीमती भगत ने मांग की है कि कथित ऑडियो क्लिप की तकनीकी एवं फोरेंसिक जांच कर यह पता लगाया जाए कि इसे किसने तैयार किया, किसके निर्देश पर तैयार किया गया और किन-किन लोगों ने इसे प्रसारित करने में भूमिका निभाई। साथ ही यह भी जांच की जाए कि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे कौन-कौन लोग, संगठन अथवा राजनीतिक तत्व सक्रिय हैं। महापौर ने मांग की है कि केवल अनुराग मिश्रा की भूमिका तक जांच सीमित न रखी जाए, बल्कि उन सभी व्यक्तियों एवं समूहों की भी पहचान की जाए जिन्होंने भाजपा तथा महापौर की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से इस कथित फर्जी ऑडियो को तैयार करवाने, प्रसारित करने अथवा प्रचारित करने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में वैचारिक विरोध स्वीकार्य है, लेकिन किसी महिला जनप्रतिनिधि को बदनाम करने के लिए फर्जी ऑडियो तैयार करना, सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना और झूठे प्रचार के माध्यम से जनता को भ्रमित करना गंभीर अपराध है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## भ्रष्टाचार के अनेक मामले, होनी चाहिए जांच : शफी

कलाकेन्द्र मैदान के आबंटन में भारी भ्रष्टाचार के वार्तालाप का ऑडियो वायरल होने के बाद सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठन की मांग की है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि टेलिफोनिक वार्तालाप के इस वायरल वीडियो में कलाकेन्द्र मैदान में मीनाबाजार लगाने के लिए लाखों रूपए के लेनदेन की बात स्पष्ट हो रही है।

- कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, एसआईटी गठन की मांग

विभिन्न सूचना के माध्यमों से यह दावा किया जा रहा है कि वायरल ऑडियो में मौजूद आवाज महापौर और भाजपा जिलाध्यक्ष की है जिन्होंने मैदान के अलाटमेंट के लिये एक व्यक्ति से लाखो रुपय प्राप्त किये या उसकी मांग की है, लेकिन अलाटमेंट अंत में दूसरे व्यक्ति को कर दिया गया जिसने ज्यादा रकम की रिश्वत अदा की। न केवल यह मामला बल्कि भ्रष्टाचार के अन्य कई ऐसे मामले हैं, जिनके जांच की आवश्यकता है। इन सभी मामलों को जल्द की सर्वजनिक करने की बात उन्होंने कही है। सरगुजा कलेक्टर से चर्चा में उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मामले की जांच के लिये तीन दिनो में एसआईटी का गठन कर उसे जांच सौंप देना चाहिए। कांग्रेस को इससे कम कुछ भी मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि 3 दिनो में इस मामले की जांच में एसआईटी का गठन नहीं होने पर कांग्रेस आगे निगम का घेराव एवं अन्य आन्दोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होगी। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि सामान्य वाईस सैम्पल और कॉल रिकार्ड से दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा लेकिन उन्होंने शासन-प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार एक प्रशासनिक अधिकारी पर हमले के मामले में एक विधायक को बचा लिया गया वैसे ही इस मामले में सत्ताधारी पार्टी अपने लोगों का बचाने का प्रयास करेगी। इस दौरान हेमंत सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, मो इस्लाम, इंद्रजीत सिंह धंजल, संजय सिंह, मो. जमील, आलोक सिंह, जीवन यादव, नरेन्द्र विश्वकर्मा, अमित तिवारी राजा, रजनीश सिंह, सोहन जायसवाल, शुभम जायसवाल, विकास शर्मा, मिथुन सिंह आदि मौजूद थे।



### मीनाबजार को महंगा किया गया

कांग्रेस नेता व ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद का आरोप है कि मीना बाजार का प्रवेश शुल्क हो, या झूले की दर, या पार्किंग शुल्क इनमें विगत 1 वर्ष में भारी इजाफा हुआ है। इस वायरल आडियो से यह स्पष्ट होता है कि मीनाबाजार के लिए करीब 10 लाख रुपय का लेनदेन हुआ है। 45 दिन चलने वाले मीनाबाजार पर निगम द्वारा लिया जाने वाला नियमानुसार निर्धारित शुल्क लगभग 12 हजार 500 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से करीब 5 लाख 62 हजार रूपए होता है। अर्थात विधिक शुल्क से अधिक की रिश्वत इस मामल में ली गयी है, नतीजतन इस भ्रष्टाचार ने आमजनता के लिये मीनाबाजार को महंगा कर दिया है।

### युवक कांग्रेस ने वायरल ऑडियो को चौक-चौराहों पर लोगों को सुनाया

युवक कांग्रेस ने इस वायरल ऑडियो को ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से शहर के चौक-चौराहों पर लोगों को सुनाया। इस वायरल ऑडियो को सुनकर आमजनता में इस खुले भ्रष्टाचार को लेकर भारी आक्रोश है। युवक कांग्रेस इस मुहीम को आगे भी जारी रखेगी, साथ ही इस मामले में जागरुकता के लिये पम्पलेट भी बांटेगी।

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने पर 20 हजार रूपए का जुर्माना

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। शराब पीकर पिकअप वाहन व बाइक चला रहे दो चालकों को पड़कर पुलिस ने कार्रवाई की। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले में दोनों पर दस दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने शराब पीकर वाहन चलाने व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में एसएसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बाइक क्रमांक सीजी 16 सीटी 0488 के वाहन चालक सूरजपुर जिले के सिरसी भैयाथान निवासी 20 वर्षीय दीपेश यादव आ. रामकिशुन यादव को रोककर उसकी जांच की तो वह शराब नशे में धुत पाया गया। इसके साथ ही चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन क्रमांक सीजी14 एमजी 6216 के चालक जशपुर बगीचा बकडोल निवासी 26 वर्षीय प्रभात कुमार दास आ. बंसत दास की जांच की तो वह भी शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर दोनों चालकों द्वारा शराब पीने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने एमव्ही एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा सुनवाई के बाद दोनों चालकों पर दस दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

### बाइक पेड़ से टकराई, सवार एक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम शामिल होकर वापस घर लौट रहे बाइक सवार ग्राम बघवई जंगल मोड क समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि बेटा व दामाद घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सिंगरौली अंतर्गत ग्राम धनहरा निवासी राजमन यादव 21 जून को पुत्र रामनंदे यादव के साथ ओड़गी में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दामाद बनवारी की बाइक क्रमांक सीजी 29 एसी 7261 से घर जा रहे थे। बाइक बनवारी चला रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम बधवई जंगल मोड के समीप पहुंचे तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार राजमन यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रामनंदे व बनवारी घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## शराब पीने से मना करने पर आक्रोशित युवकों ने की ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बड़े भाई के घर में शराब पीने से मना करने विवाद करने पर पिटाई से नाराज युवकों ने ग्रामीण की हत्या कर दी। आरोपियों ने लकड़ी के गेंडा व फाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट से घायल ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच चल रही है।

- देवगुडी के समीप मिला था शव, दो गिरफ्तार, दोस्त निकला पिता का हत्यारा

बता दें कि 21 जून की सुबह बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पोकसरी निवासी 55 वर्षीय संतलाल उर्फ बिरहा आ. भगवन पैंकरा का शव बंधवा टिकरा में बढ़वा गुड़ी स्थल के पास औंधे मुंह पड़ा मिला था और उसके सिर व शरीर से खून निकला था। मौके पर कड़ी का गेंड़ा, लकड़ी फाड़ी, तथा कुछ दूर में मृतक संतलाल का मोबाईल व टांगी पड़ा था। ग्रामीण का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया था। मृतक के भाई बिंद्रा राम ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस व फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची और शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। इस दौरान यह बात सामने आई कि 19 जून को संतलाल का पुत्र दिनेश अपने दो स्त जानचन्द के साथ मृतक के बड़े भाई बिंद्रा के घर में बैठकर शराब पी रहा था। घर में बैठकर शराब पीने पर संतलाल ने आपत्ति जताते हुए फटकार लगाई थी जिससे आक्रोशित होकर जानचन्द ने संतलाल को 3-4 थप्पड़ मार दिया था। ऐसे में संतलाल ने भी टांगी के बेंत से जानचन्द की पिटाई करी थी लेकिन बाद में दोनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। शराब पीने से मना करने और मारपीट से आक्रोशित जानचन्द 21 जून की रात अपने दोस्त सुखऊ के साथ संतलाल को खोजते हुए आया था और मिलने पर जान से मारने की बात कहते हुए गाली गलौज की थी। दोनों युवक संतलाल को खोजने निकल गए थे। पुलिस ने मामले में बतौली पोकसरी निवासी 23 वर्षीय जानचन्द आ. रघन सिंह व 24 वर्षीय सुखऊ राम आ. महावीर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने देवगुड़ी में पूजा कर रहे बुजुर्ग पर पीछे से लकड़ी का गेंड़ा, लकड़ी फाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर ली। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 103(1), 332 (क), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## रूस में एमबीबीएस कोर्स के लिए दाखिला दिलाने के नाम 3.22 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के एक व्यक्ति ने अपनी बेटी को रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई कराने के नाम पर 3.22 लाख रुपये की ठगी किए जाने की शिकायत बिश्रामपुर थाने में दर्ज कराई है।

प्रार्थी राजेंद्र बहादुर केसी जो बिश्रामपुर डीएवी विद्यालय में गार्ड के पद पर कार्यरत हैं, ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी बेटी की सहेली के माध्यम से पुणे स्थित ड्रीम फ्लाई एजुकेशन कंसल्टेशनस से संपर्क हुआ। संस्था के डायरेक्टर डॉ शशीर डोंगरे और उनके सहायक यश ने रूस में एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने का भरोसा दिया। आवेदन के अनुसार पहले एडमिशन शुल्क के नाम पर 60 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके बाद वीजा, प्रक्रिया शुल्क और रूस पहुंचने पर होने वाले खर्च के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में कुल 3 लाख 22 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित ने बताया कि 16 नवंबर 2025 को उसकी बेटी नेपाल के काठमांडू एयरपोर्ट से रूस जाने के लिए पहुंची, लेकिन इमिग्रेशन में दस्तावेजों की कमी बताकर उसे रोक दिया गया। इसके बाद संस्था के प्रतिनिधियों ने कुछ दिनों में पैसे वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक न तो बेटी का रूस में प्रवेश हो सका और न ही जमा की गई राशि वापस की गई। पीड़ित ने इसे सुनियोजित धोखाधड़ी बताते हुए बिश्रामपुर थाना पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- विश्रामपुर थाने में की गई शिकायत

## नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**अंबिकापुर।** नाबालिग से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। नाबालिग से जबरन छेड़छाड़ व मारपीट के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला ने विभिन्न धाराओं के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीया किशोरी का सीतापुर मुलाजिमपारा निवासी 19 वर्षीय आसिफ अंसारी आ. अबकर अंसारी से परिचय हुआ था और दोनों के बीच बातचीत होती थी लेकिन बाद में आरोपी नाबालिग पर गलत नियत रखने लगा जिससे छात्रा ने उससे बात चीत बंद दिया। इस दौरान 8 जून 2023 को भोर में 5 बजे किशोरी घूमने के लिए निकली थी। इस दौरान आरोपी आसिफ अंसारी ने उसे पकड़ लिया और जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। जब किशोरी ने उसका विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट की। भोर का समय होने के कारण उसकी आवाज कोई नहीं सुन पाया। घटना के बाद किशोरी घर गई और खुद को कमरे में बंद कर लिया था। इधर देर शाम जब किशोरी का पिता काम से वापस लौटा तो मां ने बताया कि उसकी बेटी ने खुद को सुबह से कमरे में बंद करके रखा हुआ है। किसी तरह समझाइश देकर पिता ने दरवाजा खुलवाया तो किशोरी ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इस मामले में परिजन ने घटना की शिकायत सीतापुर पुलिस से की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 22 जून को इस प्रकरण की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के समक्ष हुई। इस दौरान शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक विद्याभूषण श्रीवास्तव ने की। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान आरोपी आसिफ अंसारी को दोषी माना। कोर्ट ने मामल में आरोपी को धारा 354, 354 क (i)(ii), 354 घ, 294, 506, 323, धारा 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 2012 के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड से दण्डित किया है। इसके साथ न्यायालय ने नाबालिग को क्षतिपूर्ति योजना के तहत एक लाख रूपए की राशि प्रदान करने की अनुशंसा की है।

## सप्ताह में दो दिन चलेगी अम्बिकापुर हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेल मंत्रालय ने उत्तर छत्तीसगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों के रेल यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतिक्षित सौगात दी है। मंत्रालय ने साप्ताहिक ट्रेन संख्या 22407 एवं 22408 अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन चलाने का निर्णय लिया है इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने 19 जून को आदेश जारी किया है।

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन सुपर एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 22407 अब मंगलवार एवं गुरूवार को अम्बिकापुर से प्रस्थान करेगी वहीं हजरत निजामुद्दीन-अम्बिकापुर सुपरफास्ट ट्रेन क्रमांक 22408 रविवार एवं मंगलवार को निजामुद्दीन से प्रस्थान करेगी। पूर्व में यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलती थी नई व्यवस्था लागू होने से दिल्ली एवं मध्य भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। हजरत निजामुद्दीन के लिए साप्ताहिक ट्रेन संचालित होने से यात्रियों को रिजर्वेशन के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता था। सप्ताह में दो दिन ट्रेन चलने से यात्रियों को अब रिजर्वेशन के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अम्बिकापुर, सूरजपुर कोरिया सहित आसपास के लोग लम्बे अर्से से इस ट्रेन के फेरे बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

## करंट लगने से किसान और मवेशी की मौत

**जशपुरनगर।** जिले के बागबहार थाना क्षेत्र अंतर्गत गोढ़ी बी स्थित कुरकुट नाला के पास रविवार को एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से किसान और उसके मवेशी की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, किसान रामेश्वर यादव अपने मवेशी को चराने के लिए खेत की ओर गए थे। इसी दौरान वे और उनका मवेशी बांस के सहारे ले जाए गए बिजली के तार की चपेट में आ गए। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण किसान और मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बांस के सहारे बिजली कनेक्शन संचालित किया जा रहा था, जो सुरक्षा मानकों के विपरीत है। कई बार शिकायत के बावजूद विभाग द्वारा आवश्यक सुधार नहीं किए गए, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

### छोड़ने के नाम पर मांगे दस-दस हजार, वीडियो बनाकर लगाई मदद की गुहार

# प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई तीन युवतियों को बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के सीतापुर क्षेत्र से प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई तीन युवतियों को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाई गई युवतियों ने अपना वीडियो बनाकर वायरल किया और मदद की गुहार लगाने के साथ ही विधायक से सम्पर्क किया। इधर विधायक ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चियों को सकुशल वापस लाने की पहल की और बच्चियों को छुड़ाने के बाद सरगुजा के लिए रवाना कर दिया गया गया है।

बता दें कि सरगुजा जैसे आदिवासी अंचल से भोले भाले ग्रामीणों को बेहतर काम के नाम पर दूसरे राज्यों में ले जाकर बंधक बनाए जाने के मामले समय समय पर सामने आते रहते है। काम का झांसा देकर युवक युवतियों को बाहर ले जाया जाता है और उनसे जबरन काम कराने के साथ ही वापस घर नहीं जाने दिया जाता। ऐसा ही एक मामला फिर से सरगुजा में सामने आया है। बंधक बनाई गई युवतियों ने वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई है। वीडियो बनाने वाली तीनों युवतियां सीतापुर क्षेत्र के ग्राम भरतपुर बेलजोरा बिनई की रहने वाली है। युवतियों का कहना है कि उन्होंने तीन महीने तक जशपुर में सिलाई की ट्रेनिंग ली थी और ट्रेनिंग के बाद उन्हें बोला गया कि प्लेसमेंट में चेन्नई में उन्हें बेहतर काम मिलेगा। रोजगार की लालसा में युवतियां चेन्नई के कांचीपुरम क्षेत्र में गई थी और काम कर रही थी लेकिन जब उन्होंने तबीयत खराब होने पर वापस घर जाने की बात की तो उनके रोका जा रहा है। ऐसे में उन्होंने चेन्नई भेजने वाले लोगों से संपर्क किया लेकिन वे भी युवतियों का फोन नहीं उठा रहे है। इतना ही नहीं वापस जाने के नाम पर उनसे उल्टा दस दस हजार रूपए की मांग की जा रही है। बंधक बनाई गई युवतियों ने वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई और विधायक राम कुमार टोप्पो से भी संपर्क किया। सूचना के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया और युवतियों को सोमवार की दोपहर 12 बजे तक बरामद कराया गया। इसके साथ ही उन्हें सरगुजा के लिए रवाना किया गया जिसके बाद युवतियों के परिजन ने भी राहत की सांस ली है।



### सकुशल किया गया बरामद

तीन बच्चों ने फोन के माध्यम से बंधक बनाए जाने की सूचना दी थी। सभी को सकुशल निकाल लिया गया है और जल्द ही वे अपने घर वापस आ जाएंगी। युवा जागरूक रहे, किसी के साथ ही कोई घटना हो सकती है इसलिए मदद हेतु उनके पास सम्पर्क नंबर होना चाहिए।

-राम कुमार टोप्पो, विधायक सीतापुर


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सेजस महलपारा में रिक्त सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**बैकुण्ठपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय महलपारा बैकुण्ठपुर में विभिन्न कक्षाओं में रिक्त हुई सीटों के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा 27 जून तक ऑफ लाईन आवेदन मंगाए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार जायसवाल ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 2 री में एवं 3 री में एक-एक सीट, 6 वीं में 3 सीट, 8 वीं में 1 सीट तथा कक्षा 9 वीं में रिक्त 3 सीट के लिए 23 जून से 27 जून तक ऑफलाईन आवेदन मंगाए गए हैं।

### आईटीआई में निःशुल्क डी.टी.पी. प्रशिक्षण शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड के युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) जनकपुर में डेस्कटॉप पब्लिशिंग (डी.टी.पी.) का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 22 जून 2026 से शुरू होगा और इसकी अवधि लगभग चार माह होगी। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को कंप्यूटर आधारित डिजाइनिंग एवं प्रिंटिंग कार्यों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान फोटो एडिटिंग, शादी एवं निमंत्रण कार्ड डिजाइन, पोस्टर निर्माण, बैनर तैयार करना, प्रिंट मीडिया से जुड़े कार्य तथा अन्य कंप्यूटर आधारित प्रकाशन संबंधी तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### कम लागत, बेहतर परिणाम के लिए नैनो उर्वरक

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन किसानों को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कृषि को अधिक लाभकारी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किसानों को समय पर खाद-बीज, उन्नत कृषि आदान तथा नई तकनीकों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब किसानों की खेती में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कोरिया जिले के ग्राम अमरपुर निवासी किसान रेवती राम राजवाड़े ने आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने में रूचि दिखाई है। किसान रेवती राम अपने पुत्र खिलेंद्र राजवाड़े के साथ लगभग 18 एकड़ कृषि भूमि में मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं। रेवती राम बताते हैं कि अच्छी फसल के लिए केवल मेहनत ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही समय पर सही तकनीक और उर्वरकों का उपयोग भी जरूरी है। इसी सोच के साथ उन्होंने अपनी फसलों में नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का उपयोग करने जा रहे हैं। उनका कहना है कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से फसल की बढ़वार बेहतर होगी, पौधों का विकास संतुलित तरीके से होगा और उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

### कार्रवाईः रोजगार सहायक पर अर्थदण्ड

**बैकुण्ठपुर।** जिले में शिकायतों के निराकरण को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। ग्राम पंचायत पिपरा में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े एक मामले की जांच के बाद ग्राम रोजगार सहायक पर अनियमितता पाए जाने पर वसूली एवं अर्थदण्ड की कार्रवाई की गई है। जिपं कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत पिपरा के निवासी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही जयराम द्वारा कलेक्टर कार्यालय में शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में ग्राम रोजगार सहायक पर अनियमितता के आरोप लगाए गए थे। शिकायत के आधार पर कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया। जांच के दौरान सभी पक्षों के बयान दर्ज किए गए तथा अभिलेखों का परीक्षण किया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि एक अन्य ग्रामीण को एक सप्ताह का मनरेगा कार्य प्रदान कर मजदूरी का भुगतान किया गया था, जो नियमों के अनुरूप नहीं पाया गया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित मजदूरी राशि 1827 रुपये की वसूली ग्राम रोजगार सहायक से की गई है। साथ ही 1000 रुपये का अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया गया है।

---

**एमसीबी में केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता का बड़ा छापा** | टीम ने केवई, पसौरी तथा हसदेव नदी क्षेत्र में संचालित रेत भंडारण स्थलों को लिया जांच के दायरे में

# रेत भंडारण की ड्रोन सर्वे के जरिए जांच, संचालकों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता की कार्रवाई से रेत कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। खनिज विभाग के संचालक रजत बंसल के निर्देश पर पहुंची विशेष टीम ने जिले के विभिन्न रेत भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण कर बड़े पैमाने पर जांच पड़ताल की।

कार्रवाई के दौरान केवई, पसौरी तथा हसदेव नदी क्षेत्र में संचालित रेत भंडारण स्थलों को जांच के दायरे में लिया गया। उड़नदस्ता टीम ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे कराया और भंडारित रेत की वास्तविक मात्रा का रिकॉर्ड एवं दस्तावेजों से मिलान किया। जांच के दौरान कई स्थलों पर भंडारण संबंधी दस्तावेजों और वास्तविक रेत की मात्रा में अंतर पाए जाने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक जांच में अनियमितताओं के संकेत मिलने के बाद संबंधित भंडारणकतार्ओं के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थलों पर गड़बड़ियां पाई गई हैं, वहां संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के



हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

माध्यम से तीन दिनों के भीतर अपना पक्ष एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार जिले में रेत के भंडारण और परिवहन को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता ने यह विशेष जांच अभियान चलाया। ड्रोन सर्वे के माध्यम से भंडारण की सटीक स्थिति का आकलन कर रिकॉर्ड का सत्यापन किया गया, जिससे कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। खनिज विभाग की इस कार्रवाई को अवैध रेत कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिले में रेत कारोबार से जुड़े लोगों के बीच इस जांच के बाद बेचैनी देखी जा रही है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और राजस्व हानि रोकने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। फिलहाल सभी की निगाहें नोटिस प्राप्त भंडारणकर्ताओं के जवाब और विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

---

ग्रामीण रोजाना होते हैं परेशान

प्रशासन से पहल की मांग

# बारिश में अधूरी सड़क राहगीरों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग, जो रेलवे स्टेशन से ग्राम पंचायत सरडी होते हुए जिला मुख्यालय तक पहुंचता है, इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। हजारों ग्रामीणों की जीवनरेखा मानी जाने वाली यह सड़क अब गड्ढों, कीचड़ और टूटे हुए हिस्सों में तब्दील हो चुकी है, जिससे लोगों का आवागमन बेहद कठिन और जोखिमभरा हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार कुछ माह पूर्व ग्राम पंचायत सरडी में सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। लोगों को उम्मीद थी कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और जिला मुख्यालय तक सुगम आवागमन संभव हो सकेगा। परन्तु रेलवे स्टेशन से सरडी जूनापारा मोड़ पूल के पहले तक सड़क निर्माण कार्य बीच में ही रोक दिया गया और सड़क का केवल आधा हिस्सा बनाकर छोड़ दिया गया। आरोप है कि अधूरे निर्माण के बावजूद ठेकेदार द्वारा पूरा भुगतान प्राप्त कर लिया गया, जबकि



बनी हुई सड़क भी कुछ ही दिनों में टूटने लगी और पुलिया के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे बन गए। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि दोपहिया वाहन चालकों को हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बरसात के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और वाहन चालक हादसों का शिकार हो जाते हैं। कई बार वाहन कीचड़ में फंस जाते हैं, जिससे लोगों को घंटों परेशान होना पड़ता है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, विद्यार्थियों को स्कूल भेजने तथा दैनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। परिणामस्वरूप अधूरी सड़क लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकतार्ओं ने भी मामले पर नाराजगी जताते हुए इसे विकास कार्यों में लापरवाही और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता की कमी का उदाहरण बताया है। उनका कहना है कि ठेकेदारों की मनमानी और निगरानी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों की महत्वपूर्ण परियोजनाएं अधूरी रह जाती हैं।

---

# टेण्डर दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

टेण्डर दिलाने का झांसा देकर 25 लाख रुपए की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ति सुनील कुमार साहू (28 वर्ष), निवासी ग्राम महोरा पटना, जिला कोरिया ने संबंधित अधिकारियों एवं पटना थाने में से शिकायत कर राशि वापस दिलाने एवं आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

- पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार, पटना थाने में मामला दर्ज

शिकायत के अनुसार वर्ष 2019 में सुनील कुमार साहू की पहचान राजेश कुमार सिदार निवासी पाण्डवपारा से हुई थी। राजेश कुमार उस समय एसईसीएल के जीएम कार्यालय बैकुण्ठपुर में पदस्थ था। आरोप है कि उसने कोलरी में मशीनरी पाट्र्स सप्लाई का एक करोड़ रुपये से अधिक का टेण्डर दिलाने का आश्वासन दिया और इसके बदले 25 लाख रुपये की मांग की। पीड़ति का कहना है कि उसने रिश्तेदारों एवं परिचितों से उधार लेकर तथा वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेकर आरोपी को किस्तों में कुल 25 लाख रुपए दिए। इनमें 13 लाख रुपए नगद तथा 12 लाख रुपए बैंक खाते के माध्यम से स्थानांतरित किए गए। शिकायत में उल्लेख है कि 14 सितंबर 2020 को 10 लाख रुपए तथा 15 सितंबर 2020 को 2 लाख रुपये आरोपी के एसबीआई खाते में एनईएफटी के जरिए भेजे गए थे। सुनील साहू के अनुसार काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो टेण्डर मिला और न ही राशि वापस की गई। आरोपी द्वारा बार-बार पैसा लौटाने का आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन




आज तक भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित का आरोप है कि कई बार मिलने के लिए अलग-अलग स्थानों पर बुलाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर आरोपी मोबाइल बंद कर देता था और मुलाकात नहीं करता था। पीड़ति ने बताया कि राशि की व्यवस्था के लिए उसे भारी ब्याज पर ऋण लेना पड़ा। वर्तमान में वह लगभग 40 हजार रुपए मासिक किस्त का भुगतान कर रहा है। आर्थिक संकट के बीच 3 अप्रैल 2024 को उसके पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, जिससे परिवार की स्थिति और खराब हो गई है। उसने आरोप लगाया कि ऋण की किस्तें समय पर जमा नहीं होने पर वित्तीय संस्था द्वारा मकान नीलामी की चेतावनी भी दी जा रही है।

पीड़ित ने प्रशासन एवं पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी की कार्रवाई करने तथा उसकी रकम वापस दिलाने की मांग की है। शिकायत पर पटना पुलिस ने भादंसं 1860 के तहत 420 का मामला दर्ज कर लिया है।

---

# सदगुरु कबीर जयंती पर निकली कलश यात्रा



**बिजुरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित सोमनाटोला में संत शिरोमणि सदगुरु कबीरदास जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर कबीर पंथ के अनुयायियों ने विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर संत कबीर के विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरूआत छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा निकाली गई आकर्षक कलश यात्रा से हुई। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित बालिकाओं ने कलश धारण कर पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण का संचार किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने कबीर साहेब के जयकारे लगाते हुए उनकी शिक्षाओं का स्मरण किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने संत कबीरदास के जीवन, दर्शन और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक समरसता, मानवता तथा सदाचार के संदेशों पर प्रकाश डाला। कबीर के प्रसिद्ध दोहों का वाचन कर उनके गूढ़ अर्थों की जानकारी नई पीढ़ी को दी गई। वक्ताओं ने कहा कि संत कबीर ने अपने विचारों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई तथा प्रेम, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कबीर पंथ अनुयायियों ने बताया कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। अंत में सामूहिक प्रार्थना एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, डाइट, आईटीआई, नर्सिंग तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2026-27 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास), जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जारी आदेशानुसार विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की कार्यवाही पोर्टल पर की जाएगी। विभाग के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल में नवीनीकरण आवेदन के लिए 20 जून तथा नवीन आवेदन के लिए 1 अगस्त से ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। अशासकीय संस्थानों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर अधिकतम 07 दिवस के भीतर जिला कार्यालय को भेजना होगा, जबकि शासकीय संस्थानों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं स्वीकृति कर अधिकतम 10 दिवस के भीतर जिला कार्यालय को प्रेषित करना होगा।

# खरीफ सीजन की तैयारियों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**मनेन्द्रगढ़।** खरीफ सीजन को देखते हुए कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कृषि विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किसानों के हितों से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले के किसानों को समय पर खाद, बीज एवं कृषि आदान उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, एग्रीस्टैक निर्माण, दलहन-तिलहन प्रोत्साहन योजना तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने संबंधी विषयों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सहकारी समितियों एवं वितरण केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक एवं बीज उपलब्ध रहें तथा किसानों को किसी प्रकार की


कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने ली कृषि विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक

परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन कृषि गतिविधियों का महत्वपूर्ण समय होता है, इसलिए मैदानी अधिकारी नियमित रूप से समितियों का निरीक्षण करें और उपलब्धता की स्थिति पर सतत निगरानी रखें। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को खाद एवं बीज वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा गांव स्तर पर सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि एमसीबी जिले में वर्तमान में 29 हजार 522 किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें से 21 हजार 455 किसानों का एग्रीस्टैक कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 8 हजार 67 किसानों का एग्रीस्टैक कार्य अभी लंबित है। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को शेष कार्य को मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं मैदानी अमला गांव-गांव पहुंचकर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने आरईएओ देवाडांड नीरज कुमार द्वारा विभागीय दायित्वों के निर्वहन में बरती गई लापरवाही पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया तथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

# शाला प्रवेश उत्सव में गूंजा स्वागत का उत्साह

**चरचा कॉलरी।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ऑक्सफोर्ड पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, चरचा में सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत कर उन्हें शिक्षा के नए सफर के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर कुन्दन पाण्डेय एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक-चंदन लगाकर उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही बच्चों को मिठाई खिलाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। इस आत्मीय स्वागत से बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

---

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एसईसीएल का आयोजन**

# रीजनल अस्पताल में रक्तदान शिविर, 26 ने दिया रक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसईसीएल के रीजनल अस्पताल डोमनहिल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक, संपदा महिला मंडल की सदस्य, श्रम संगठन के पदाधिकारी एवं पत्रकारों सहित कुल 26 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा में अपनी सहभागिता निभाई।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक रमेश चंद्र सिंदूर, संपदा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अर्पणा सिंदूर, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग प्रमुख जीएस प्रसाद तथा उप क्षेत्र प्रबंधक अरुण सिंह चौहान ने फीता काटकर



किया। स्वागत उद्बोधन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार विराजी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा क्षेत्र दुर्घटना जनित क्षेत्र है, ऐसे में रक्त की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा कर सकता है। मुख्य महाप्रबंधक रमेश चंद्र सिंदूर ने कहा कि 21 जून को योग दिवस के साथ पितृ दिवस भी मनाया जा रहा है। ऐसे अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए मरीजों की सहायता के लिए स्वैच्छिक रक्तदान जरूरी है। शिविर में मनेन्द्रगढ़ केंद्रीय अस्पताल से बीएमसी सिंह, रूपेंद्र कुमार, रेडक्रॉस बड़ा बाजार से लक्ष्मी गौड़, विजेंद्र खटकर, विष्णु प्रसाद तथा रीजनल अस्पताल से लक्ष्मी साहू, ग्लोरियस मसीह, सुजाता दास, संजय साहू एवं गीता दास ने सहयोग दिया। इस अवसर पर रीजनल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक विराजी, डॉ. राहुल तिवारी, डॉ. सुमित राधाकृष्णन, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. कमल तथा रंजीत नाहक सहित श्रम संगठन के देवेंद्र नाथ शर्मा, समीर देवनाथ, संजय तिवारी, ख्वाजा अहमद, मदन कुमार, राजेश द्विवेदी एवं सच्चिदानंद दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुमित राधाकृष्णन ने किया।

# दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना बनीं आर्थिक सुरक्षा का जरिया

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना प्रदेश के लाखों भूमिहीन परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। यह योजना न केवल जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि उनके जीवन में आत्मविश्वास, स्थिरता और बेहतर भविष्य की नई उम्मीद भी जगा रही है। प्रदेश में भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों की शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की जाती है। यह राशि ऐसे परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा बन रही है, जो सीमित आय और अस्थायी रोजगार के कारण आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं। दैनिक जरूरतों की पूर्ति से लेकर बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं घरेलू खर्चों तक, यह सहायता राशि परिवारों को राहत प्रदान कर रही है। आर्थिक तंगी के कारण जिन परिवारों के लिए भविष्य की योजनाएं बनाना कठिन था, उनके लिए यह योजना नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। कई हितग्राही इस राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और घरेलू आवश्यकताओं पर कर रहे हैं, वहीं कुछ परिवार राशि का एक हिस्सा बचाकर स्वरोजगार या छोटे व्यवसाय की शुरूआत करने की योजना भी बना रहे हैं। इससे आत्मनिर्भरता की दिशा में उनके कदम मजबूत हो रहे हैं। योजना से लाभान्वित हितग्राहियों का कहना है कि उन्हें पहले इस तरह की सहायता की उम्मीद नहीं थी, लेकिन राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्हें आर्थिक संबल मिला है, बच्चों के भविष्य के प्रति भरोसा बढ़ा है और परिवार को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस योजना के अंतर्गत करीब 6 लाख हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं, जिनमें बैगा-गुनिया समुदाय के हितग्राही भी शामिल हैं। योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगर पंचायत क्षेत्रों में निवास करने वाले पात्र परिवारों को भी मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### महामाया पहाड़ श्रृंखला के संरक्षण के लिए हो प्रभावी कार्रवाई, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** महामाया पहाड़ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अम्बिकापुर प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंप सोनपुर से लालमाटी तक फैली महामाया पहाड़ श्रृंखला को पर्यावरणीय एवं जैव विविधता संरक्षण करने के साथ ही इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाने की मांग की है। समिति के निलेश सिंह ने बताया कि ग्राम सोनपुर से खैरबार , क्रांतिप्रकाशपुर, मानिक प्रकाशपुर एवं लालमाटी तक लगभग 12 किमी में फैली महामाया पहाड़ की श्रृंखला पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस मिश्रित वनक्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के वन्य जीव-जंतु एवं पक्षी पाए जाते हैं साथ ही इमारती एवं फलदार पौधों की भी प्रचुरता है। यह क्षेत्र भूजल संरक्षण, स्वच्छ वायु, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संतुलन में अहम भूमिका निभाता है। इस पर्वत श्रृंखला के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए क्षेत्र का पर्यावरणीय एवं जैव विविधता का व्यापक सर्वेक्षण कराने, पर्वत श्रृंखला को पर्यावरणीय दृष्टि से संरक्षित घोषित करने, वन्य जीवों के संरक्षण हेतु विशेष योजनाएं बनाने, व्यापक स्तर पर पौधरोपण करने, जलस्त्रोत, पहाड़ी नालों एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। ज्ञापन में प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण एवं पेड़ों की अवैध कटाई, अवैध खनन संबंधी गतिविधियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने मांग की है।

### पत्रकारिता कॉलेज खोलने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** एनएसयूआई सरगुजा ने जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार शाम मुलाकात कर सरगुजा जिले में शासकीय पत्रकारिता महाविद्यालय की स्थापना किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सरगुजा संभाग में वर्तमान समय तक पत्रकारिता की उच्च शिक्षा के लिए कोई शासकीय महाविद्यालय उपलब्ध नहीं है। इसके कारण पत्रकारिता की पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों को रायपुर, बिलासपुर एवं अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री से मांग की कि सरगुजा जिले में शीघ्र शासकीय पत्रकारिता महाविद्यालय की स्थापना की जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने ही संभाग में गुणवत्तापूर्ण पत्रकारिता शिक्षा प्राप्त हो सके तथा युवाओं को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलें। एनएसयूआई अध्यक्ष के नेतृत्व में गये प्रतिनिधि मंडल से चर्चा के उपरांत मुख्यमंत्री ने इस दिशा में पहल का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सतीश बारी, अभिषेक सोनी, अंकित जायसवाल, अवि गोस्वामी, ऋषभ जायसवाल मौजूद थे।

### गैरेज के सामने खड़ी बाइक ले उड़े चोर

**सूरजपुर।** बाइक के खराब हो जाने पर बनवाने के लिए दिए युवक की बाइक को चोरों ने गैरेज के सामने से पार कर दिया। ग्राम देवनगर बड़कापारा निवासी राहुल कुमार आ. संतलाल (19 वर्ष) 17 जनवरी की दोपहर बाइक क्रमांक सीजी 29 एजी 7867 के खराब हो जाने पर ग्राम देवनगर के सुनील गैरेज में पास बनाने के लिए खड़ा किया था। दूसरे दिन शाम को गैरेज में जाकर देखा तो बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## ग्राम पंचायत चांचीडाड 2 में लोगों के काम हो रहे प्रभावित

# सचिव बना रहे पंचायत कार्यालय आने से दूरी, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- ग्रामीणों में बढ़ रही नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी

ग्राम पंचायत चाचीडाड 2 में पंचायत सचिव के कार्यशैली और व्यवहार को लेकर ग्रामीणों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव के अड़ियल रवैये के कारण पंचायत के सामान्य कार्य भी समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के अधिकारियों व प्रशासन से जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत में किसी भी प्रशासनिक कार्य ग्राम सचिव के माध्यम से होता है। ऐसे में सचिव द्वारा लापरवाही बरती जाए तो न सिर्फ काम प्रभावित होता है बल्कि गांव के ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। कुछ




इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत चांचीडांड 2 की है जहां पंचायत से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए ग्रामीणों को कई बार पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में प्रमाण पत्र, योजनाओं से संबंधित जानकारी, मजदूरी भुगतान, आवेदन सत्यापन एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए पहुंचने पर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव रामसती सुरता द्वारा लोगों से ठीक ढंग से बात नहीं की जाती, जिससे पंचायत में लोगों के बीच नाराजगी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक पहले पंचायत कार्यालय में लोगों की आवाजाही बनी रहती थी, लेकिन अब सचिव रामसती सुरता के व्यवहार से परेशान होकर कई लोग पंचायत जाने से भी बचने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत लोगों की समस्याओं के समाधान का केंद्र होना चाहिए, लेकिन वर्तमान स्थिति में लोगों को राहत मिलने के बजाय और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जांच व कार्रवाई की मांग

ग्राम पंचायत चाचीडाड 2 के ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पंचायत में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आम ग्रामीणों के कार्य समय पर हो सकें और उन्हें बार-बार भटकना न पड़े। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### कराई जाएगी जांच

ग्राम पंचायत चांचीडांड 2 के सचिव के संबंध में मुझे जानकारी मिली हे। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप की जांच कराई जाएगी। जांच में यदि सचिव दोषी पाए जाते है तो नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल कुमार तिवारी
जनपद सीईओ प्रतापपुर



## ईंधन संकट गहराया, पेट्रोल पंपों पर लगी वाहनों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल डीजल की आपूर्ति बाधित होने से नगर में ईंधन संकट गहरा गया है। जिसकी वजह से नगर के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल को लेकर जबरदस्त मारामारी चल रही हैं। वाहनों में ईंधन डलवाने के लिए पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी कतार देखी जा रही है।

वाहन मालिक लाइन में लगकर वाहन में ईंधन डलवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। ईंधन आपूर्ति में कटौती के बाद भी पेट्रोल पंप के संचालक जरूरत के अनुसार सभी वाहनों में ईंधन की आपूर्ति करा रहे है। विदित हो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल डीजल की आपूर्ति बाधित होने से नगर के पेट्रोल पंपों में भी ईंधन संकट गहरा गया है। नगर समेत काराबेल प्रतापगढ़ में स्थित पेट्रोल पंपों में डीजल पेट्रोल को लेकर जबरदस्त मारामारी चल रही है। लोगों को अपने वाहनों में ईंधन डलवाने के लिए कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। ईंधन के चक्कर मे पेट्रोल पंपों के बाहर छोटी बड़ी वाहन समेत भारी वाहन समेत की लंबी कतार देखी जा रही है। ईंधन के लिए सबसे लंबी कतार ट्रैक्टरो की देखी जा रही है। दरअसल क्षेत्रों में रह रहकर होने वाली बारिश की वजह से ट्रैक्टर अब खेतों की ओर रुख करने लगे है। ऐसे में ट्रैक्टरों में ईंधन की आवश्यकता पड़ रही है इसलिए पेट्रोल पंप के बाहर ट्रैक्टरों की लंबी कतार नजर आ रही है। ईंधन आपूर्ति में कमी के बाद भी कोई खाली हाथ वापस न लौट जाए इस बात का पेट्रोल पंप संचालक विशेष खयाल रख रहे है। पेट्रोल पंप संचालक जरूरत अनुसार सभी वाहनों में ईंधन उपलब्ध करा रहे हैं ताकि ईंधन के अभाव में किसी का काम प्रभावित न हो सके।


## योग दिवस पर महिलाओं ने दिया स्वास्थ्य का संदेश नगर में पूरे साल चलता है योग का अभियान



**प्रतापपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के स्थानीय सामुदायिक भवन में महिलाओं ने उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। सुबह आयोजित विशेष कार्यक्रम में नगर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न योगासन, प्राणायाम और व्यायाम किए। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में महिलाओं ने शरीर और मन को स्वस्थ रखने वाले अनेक योग अभ्यास किए तथा योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि प्रतापपुर में योग केवल योग दिवस तक सीमित नहीं है। नगर की सैकड़ों महिलाएं पूरे वर्ष प्रतिदिन सुबह 5 बजे स्थानीय सामुदायिक भवन में एकत्र होकर नियमित योगाभ्यास करती हैं। वर्षों से चल रही इस पहल ने अनेक महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। महिलाओं का कहना है कि नियमित योग करने से उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से लाभ मिला है तथा कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं में भी राहत मिली है। योग दिवस पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद को भी दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योग से शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर महिलाओं ने पूरे प्रतापपुर सहित क्षेत्रवासियों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और निरोग जीवन के लिए योग सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम है। सामुदायिक भवन में प्रतिदिन होने वाला यह योग अभ्यास आज क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुका है। इस दौरान चंद्रमणि देवी, निहारिका,ज्योति,पूजा, दीपा, प्रियंका, अनीता रानी, नसीमा कोमल, कविता, सीमा सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### सैनिक स्कूल में मना योग दिवस



**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 6 बजे विक्रम बत्रा ब्लॉक के समक्ष योगासनों का सामूहिक अभ्यास किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कैडेट्स, शिक्षकों, प्रशासनिक कर्मचारियों, पीटीआई एवं एनसीसी स्टाफ ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों से अवगत हुए। कार्यक्रम में प्राचार्य, कर्नल रीमा सोबती ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के संकल्प के साथ किया गया।



### बंग समाज का प्रतिनिधि मंडल ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**मदनपुर।** सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति का प्रतिनिधि मंडल भेंट कर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बंग समाज कल्याण समिति ने छत्तीसगढ़ राजपत्र 24 अप्रैल 2023 में प्रकाशित पुनर्वास/शासकीय पट्टाधारियों को प्रदत्त सुविधाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु, प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि राजपत्र में प्रकाशित संशोधित प्रावधानों का लाभ सभी पुनर्वास पट्टाधारियों को सुनिश्चित रूप से मिले। इसके लिए प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टरों को स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश जारी किए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने समाज की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान रामू घोष, विजय व्यापारी, शिव शंकर दास, सुशांत घोष, गोपाल हालदार, जगदीश मंडल उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार दरिमा**
**जिला सरगुजा (छ.ग.)**
राजस्व प्रकरण /ब-121/2026

**ईश्तहार (उद्घोषणा)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम :- बड़ादमाली थाना व तहसील दरिमा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती सुकुल साय एक्का आ.बुधन एक्का निवासी ग्राम बड़ादमाली थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा उनके नाना समयलाल की मृत्यु दिनांक 01/12/2024 है, तथा स्थान बड़ादमाली में हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो लिखत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा दावा/आपत्ति दिनांक 6/7/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर सुनवाई हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दरिमा, जिला-सरगुजा**
**(छ.ग.)**

न्यायालय:- आशीष भगत, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

अन्नपूर्णा प्रति अजय गोस्वामी वगै.

प्रति,

बउधी पुत्री साधू दास उम्र लग. 45 वर्ष निवासी ग्राम लटोरी तहसीलदार लटोरी जिला-सूरजपुर छ.ग.

इस न्यायालय में व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक प्रकरण-197/2023 अन्नपूर्णा प्रति अजय गोस्वामी वगैरह में आप प्रतिवादी/अनावेदक है, आपको उक्त प्रकरण में कई बार समंस दिया गया, किन्तु आपको समंस की तामिली नहीं हो पा रही है।

अतः आपको इस इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक-15/07/2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों। यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2026 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

ASHISH BHAGAT
CIVIL JUDGE SENIOR
DIVISION SURAJPUR
DIST:- SURAJPUR (C.G.)

## केसीसी ऋण एवं धान भुगतान को लेकर किसानों का आंदोलन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- प्रशासन के आश्वासन पर खत्म हुआ धरना



धान खरीदी वर्ष 2025-26 की लंबित भुगतान राशि तथा किसानों के नाम पर दर्ज कथित फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रकरण को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन आंदोलन पांचवें दिन समाप्त हो गया। कलेक्टर संजय चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर एसडीएम आनंद नेताम द्वारा किसानों से चर्चा के बाद प्रशासन के आश्वासन पर धरना समाप्त कराया गया।

किसान नेता नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीते चार दिनों से किसान बैंक परिसर के सामने धरने पर बैठे थे। किसानों का आरोप था कि उनकी जानकारी के बिना उनके नाम पर केसीसी ऋण दर्ज कर दिया गया, जिसके कारण धान बिक्री की राशि रोक दी गई है। किसानों ने फर्जी ऋण प्रकरणों की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा लंबित धान भुगतान की मांग की थी। आंदोलन के चौथे दिन किसानों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की थी, जिसमें पांच किसान शामिल हुए। आंदोलन को लगातार विभिन्न किसान संगठनों और जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिलता रहा। किसान नेता कमाल अहमद, संतोष यादव, किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री विकास दुबे तथा डॉ. दिनेश यादव ने धरना स्थल पहुंचकर किसानों की मांगों का समर्थन किया। इस दौरान किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री अरविंद दुबे ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि मृतक व्यक्तियों एवं जेल में बंद किसानों के नाम पर ऋण दर्ज होना गंभीर अनियमितता का संकेत है। आंदोलन के बीच प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने मोबाइल फोन के माध्यम से किसानों से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है और इस संबंध में मुख्यमंत्री तथा विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कई जिलों में इस प्रकार की गड़बड़ियां सामने आई हैं तथा मामले की जांच के लिए उच्च स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। आंदोलन के पांचवें दिन कलेक्टर संजय चंदन त्रिपाठी की पहल एवं निर्देश पर एसडीएम आनंद नेताम धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन किसानों की मांगों को लेकर गंभीर है और किसी भी किसान को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में उचित निर्णय 23 जून तक लेने का प्रयास किया जाएगा। चर्चा के दौरान किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री अरविंद दुबे एवं किसान नेता नरेंद्र सिंह सहित अन्य किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन के आश्वासन के बाद एसडीएम आनंद नेताम ने किसानों को जूस पिलाकर क्रमिक भूख हड़ताल एवं धरना समाप्त कराया। किसान नेता नरेंद्र सिंह ने कहा कि यदि निर्धारित समयावधि में किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति तय की जाएगी। फिलहाल प्रशासन के आश्वासन के बाद किसानों ने आंदोलन स्थगित कर दिया है।

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की संपूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी; सोनोग्राफी की सुविधा; महिलाओं में संबंधित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन; बांझपन (Infertility) एवं PCOD उपचार; हाई रिस्क प्रेगनेंसी प्रबंधन; हारमोन एवं अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं; 24×7 दवाई इलाज की सुविधा
सर्जरी सेवाएं: बवासीर (Piles); फिस्टुला (Fistula); फिशर (Fissure); हाइड्रोसील (Hydrocele); अपेंडिक्स (Appendix); स्तन की गांठ; पित्त की थैली की पथरी; बच्चेदानी की गांठ एवं सिस्ट; चोट एवं फोड़े-फुंसी; अन्य सभी प्रकार की गांठों का इलाज एवं ऑपरेशन
बड़ी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur | CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण; टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग; नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श; बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

न्यूरो एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. चंदन दूबे
MBBS, MS, MCH NEUROSURGERY (IPGME&R, KOLKATA)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की निम्न समस्याओं में संपर्क करें
लकवा (स्ट्रोक), हाथ पैर में झुनझुनाहट, मिर्गी आना, गर्दन एवं कमर में दर्द माइग्रेन (सर दर्द), पार्किंसन्स, चक्कर आना, हाथ पैर में कंपन, मस्तिष्क ट्यूमर सायटिका, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, अल्जाइमर (याददाश्त खोना)
ब्रेन एवं स्पाईन उपचार एवं सर्जरी
प्रतिदिन आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध...
• श्री महावीर हॉस्पिटल, सांई मंदिर के पास, गांधी नगर अम्बिकापुर, 6263080332 (समय : 2-4 बजे तक)
• सांई पॉलीक्लिनीक, जिला हॉस्पिटल के सामने अम्बिकापुर, 7987423885 (समय : 5-7 बजे तक)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत कटकोना में हुआ भव्य ददरिया कार्यक्रम

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत कटकोना में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रणविजय सिंह देव के मुख्य आतिथ्य एवं जनपद सदस्य श्रीमती नीतू धर्मेन्द्र झारिया के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से लगभग 45 टीमों ने हिस्सा लिया था। सभी टीम के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे है। ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होना ही अपने आप में उपलब्धि है। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। जनपद सदस्य नीतू धर्मेन्द्र झारिया ने कहा कि अपनी लोक संस्कृति को बचना बहुत जरूरी है और अपनी संस्कृति को बचाये रखने के लिए ऐसी आयोजन बहुत जरूरी है। वर्तमान में लोक संस्कृति धीरे-धीरे गायब होती नजर आ रही है, आगे भी ऐसे आयोजन कराने के लिए कहा। कार्यक्रम को धर्मेन्द्र झारिया, सागर दास, बाज राय ने भी सम्बोधित किये और कार्यक्रम का संचालन काशिम सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान सुखदेव चौधरी, रामचरण पैकरा, छत्रु मरकाम, सहादन पैकरा, धनेश्वरी मरकाम, सुनीता पैकरा, चंद्रावती टेकाम, चांदमनी पैकरा, मानिकचंद, धर्मजीत राजवाड़े, राम सिंह, लबदु राम, संधू राम, आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

### अंबिकेश्वर प्रसाद दुबे की पुण्यतिथि पर शिवपुर में किया गया पौधरोपण



**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत शिवपुर में रामानुजनगर के प्रथम जनपद अध्यक्ष स्व. अंबिकेश्वर प्रसाद दुबे की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी स्मृति में पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसके तहत ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर लगभग 51 फलदार एवं औषधि पौधे लगाए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विशाल दुबे ने स्व. अंबिकेश्वर प्रसाद दुबे के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे इस क्षेत्र के बेहद सामाजिक व जनप्रिय नेता थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक दूरगामी योजनाएं बनाईं। ग्रामीण विकास, शिक्षा के विस्तार, जल संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी याद किए जाते है। उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान अजेंद्र नाथ दुबे, सुरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण दुबे, रामेश्वर शुक्ला, सत्य प्रकाश पाठक, महामाया उपाध्याय, गजेंद्र उपाध्याय, आशुतोष दुबे, डॉ.विकास दुबे, हिमांशु उपाध्याय, मोहन, नंदलाल, फुल्केश्वर, मोती, दीनानाथ, प्रेमसाय, आशीष, पंकज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

### कोरंधा पंचायत में आवास एवं मनरेगा घोटाले की जांच शुरू



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत कोरंधा में प्रधानमंत्री आवास योजना और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में कथित अनियमितताओं वा कमीशनखोरी को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर श्रीमती रैना जमील ने पूरे प्रकरण का तत्काल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में दिए गए आवेदन में ग्राम पंचायत कोरंधा के रोजगार सहायक द्वारिका गुप्ता पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर कथित रूप से 10 हजार रुपये की वसूली, मनरेगा में फर्जी हाजिरी भरकर भुगतान कराने, पात्र मजदूरों को काम और मजदूरी से वंचित रखने, कार्यों में अनियमितता बरतने तथा अपने परिजन के नाम पर संदिग्ध उपस्थिति दर्ज कर सरकारी राशि के दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल जनपद पंचायत प्रतापपुर की जांच टीम गठित कर मौके पर जांच के निर्देश दिए। गठित टीम में एसडीओ संदीप कुमार रवि, पीओ निर्मल श्याम, उप अभियंता बृजेश कुमार, नरेश एवं संबंधित पंचायत के अधिकारी शामिल रहे। जांच टीम ग्राम पंचायत कोरंधा पहुंची जहां शिकायतकर्ताओं एवं ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए और संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों के समक्ष अपने आरोपों को विस्तार से रखा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में जांच टीम ने कहा कि शिकायत के आधार पर बयान दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई हेतु जिला पंचायत सीईओ एवं कलेक्टर को प्रेषित किया जाएगा। मामले का निष्पक्ष जांच किया गया है जहां ग्रामीणों के शिकायत के आधार पर कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा करेंगे।

# इंतजार होगा खत्म, 2-3 दिन में मानसून के दस्तक देने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अब मानसून का इंतजार खत्म होने को है। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने सुकमा के रास्ते छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है। मानसून के तेज गति से अग्रसर होने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं तथा मौसम विज्ञानी आगामी दो-तीन दिनों में मानसून के सरगुजा संभाग में दस्तक देने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- तेज रफ्तार की आंधी चलने की चेतावनी

केरल तट पर मानसून के चार दिन विलम्ब से दस्तक देने के बाद क्षेत्र के किसान मध्य जून से ही मानसून के पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। इधर केरल तट पर दस्तक देने के बाद सात दिनों तक बिना हलचल स्थिर रहा। बताया जा रहा है कि मानसून को गति देने के लिए किसी सिस्टम के प्रभावी नहीं होने के कारण मानसून रविवार तक स्थिर रहा। इस दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभावी होते ही मानसून को गति मिली तथा मानसून ने दक्षिण छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है। मौसम विज्ञानी मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने एवं मानसून के आगामी 48 घंटों में छत्तीसगढ़, बिहार एवं झारखण्ड में आगे बढ़ने एवं महाराष्ट्र, तेलंगाना एवं ओड़िसा के बाकी हिस्सों में पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सबकुछ अनुकूल रहा तो मानसून की तरंगों के आगामी दो-तीन दिन के भीतर सरगुजा में दस्तक देने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार वर्तमान में समुद्रतल पर राजस्थान से बिहार तक मौसमी ट्रफ, तेलंगाना से मन्नार की खाड़ी तक एवं उत्तरी गुजरात से पश्चिम पंजाब तक ट्रफ विस्तारित है वहीं मध्य आसाम, उत्तर पश्चिम पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सकिय है जिससे मानसून को गति मिल रही है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### पूरे दिन छाए रहे बादल

सोमवार को आसमान पर सुबह से ही घने बादल छाए रहे। इस दौरान सुबह कुछ देर तक तेज हवाएं भी चली। शहर से सटे ग्राम कंठी सहित आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ अच्छी वर्षा होने की सूचना है। झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी वर्षा होने की सूचना है। मौसम विज्ञानी मानसून की दस्तक के पूर्व तेज रफ्तार हवाओं के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### मक्का के लिए मौसम अनुकूल

पिछले साल लगातार बारिश होने के कारण मक्का की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा था तथा अधिकांश फसल खराब हो गई थी। इस बार प्री-मानसून की बारिश के बाद मक्का की बोनी के लिए मौसम अनुकूल हो गया है। पठारी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मक्के की खेती होती है। किसान पिछले एक सप्ताह से मक्के की बोनी कर रहे हैं। शुरूआती बारिश के बाद किसानों ने धान का बीड़ा लगाना भी प्रारंभ कर दिया है। हालांकि कृषि वैज्ञानिक प्री-मानसून की बारिश को अपर्याप्त बता धान लगाने के लिए अभी इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। इस संबंध में कृषि वैज्ञानिक डॉ.प्रदीप कुमार भगत ने बताया कि मक्के की बोनी के लिए मौसम अनुकूल है। इस मौसम में मक्का बीजों में तेजी से अंकुरण होगा।

### परिस्थितियां अनुकूल

मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हैं तथा आगामी 48 घंटे में मानसून के छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं बिहार में आगे बढ़ने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी

## बांकी बांध की पक्की नहर पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध कब्जा

# 10 किमी लम्बी नहर पर बढ़ा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





बांकी नहर की भूमि पर बने अवैध मकान।

**खास बातें**

- नहर की भूमि पर लोगों ने बना लिए मकान, गंदगी जमा होने के कारण दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल
- बांकी नहर हुई अनुयोगी

खेतों की सिंचाई के लिए बांकी बांध से शहर के विभिन्न वार्डों से गुजरने वाली सीसी नहर पर लोग बेखौफ होकर अतिक्रमण कर रहे हैं। पक्की नहर पर लोगों ने जगह-जगह कब्जा जमा लिया है तथा कहीं घर बना लिया है तो कहीं नहानी घर तो कहीं शौचालय। नहर का उपयोग बंद होने के बाद नहर की भूमि पर कब्जा कर लोग लगातार निर्माण कर रहे हैं।

शासन द्वारा सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से महत्वकांक्षी बांकी जलाशय का निर्माण वर्ष 1989 के पूर्व कराया गया था। इस दौरान ग्राम खैरबार से लेकर शहर के महामायापारा, नवागढ़, श्रीगढ़, बधिया चुंआ सहित आसपास क्षेत्रों मं बड़े पैमाने पर खेती होती थी। इन खेतों की सिंचाई के लिए विभाग द्वारा बांकी बांध से बधिया चुंआ तक करोड़ों की लागत से पक्की नहर का निर्माण किया गया था। नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए नियमित पानी की आपूर्ति होने के कारण इस इलाके के किसान अच्छी खेती करते थे। धीरे-धीरे शहर से सटे खेती वाले इलाके में आबादी विकसित होने लगी तथा वर्तमान में यह क्षेत्र शहर के घनी आबादी वाला हिस्सा बन गया है। नहर के दोनों ओर पक्के घर बन गए हैं। ऐसे में नहर कचरा दान बन गई है। नहर का उपयोग गंदे पानी के निकास एवं घरों का कचरा डालने के लिए लम्बे समय से किया जा रहा है। इधर जमीन की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि होने एवं नहर का उपयोग बंद होने के बाद लोग नहर पर अवैध निर्माण कर भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। नहर वाले क्षेत्र में सिंचाई के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है वहीं बांध में भी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में लोग नहर की भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर रहे हैं। पिछले दो दशक से नहर आसपास के लोग नहर में कचरा फेंक रहे हैं जिसके कारण नहर जगह-जगह जाम हो गई है तथा चारों तरफ गंदगी एवं दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल है। बीच-बीच में विभाग ने नहर की सफाई भी कराई लेकिन पूरी नहर की सफाई करना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। नहर में जमा कचरे की दुर्गंध से आसपास के लोग परशान हैं तथा जनदर्शन में लगातार शिकायतें कर रहे हैं।

### पानी का उपयोग पेयजल में

बांकी जलाशय की जल भराव क्षमता 17 मिलियन क्यूबिक मीटर है। विभाग वर्षों से तकिया फिल्टर प्लांट के माध्यम से पेयजल के लिए ननि को 7 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी का आपूर्ति कर रहा है। कुछ महीने पूर्व ही विभाग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से खैरबार समूह जलप्रदाय योजना के माध्यम से 8 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी आपूर्ति करने का समझौता किया है। ऐसे में बांध में सिंचाई योग्य पानी नहीं बचेगा। शेष बचे 2 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी में से भारी मात्रा में पानी वाष्पित हो जाता है। आपात स्थिति के लिए भी बांध में पानी रखना आवश्यक है। पीएचई द्वारा दिसम्बर तक खैरबार समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण पूरा करने के साथ पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के प्रारंभ होने के बाद बांध में सिंचाई के लिए पानी नहीं बचेगा न ही अब नहर का उपयोग ही संभव है। विभाग नहर को ननि सहित संबंधित ग्राम पंचायतों को सौंपने की योजना बना रहा है।

### ननि के लिए साबित हो सकता है उपयोगी

शहर से गुजरने वाली पक्की नहर ननि के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है। शहर में पानी निकासी की समस्या विकराल बनते जा रहा है। ननि द्वारा इसके लिए सिवरेज का निर्माण किया जा रहा है। पक्की नहर से सटी जगह का उपयोग आवागमन के लिए सड़क के रूप में साथ ही नहर का उपयोग जल निकासी के लिए किया जा सकता है। खरसिया रोड में बरसात के दौरान हर साल जल जमाव की समस्या होती है। नहर का उपयोग कर इस बड़ी समस्या का निराकरण आसानी से किया जा सकता है।

### दी गई है नोटिस

नहर की भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वाले 25 लोगों को विभाग द्वारा नोटिस जारी की गई है। अंतिम नोटिस जारी करने उपरांत राजस्व विभाग के सहयोग से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा। समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण पूरा होने के बाद बांध में सिंचाई के लिए पानी नहीं बचेगा। नहर के उपयोग के संबंध में शासन से पत्रचार किया जएगा। नहर की सफाई भी कराई जा रही है।

एपी निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग



## बॉक्साइट खदानों की जन सुनवाई रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन के लिए विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत चार बॉक्साइट खदानों की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रशासन द्वारा मंगलवार से तहसील कार्यालय परिसर में जनसुनवाई प्रस्तावित है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप जनसुनवाई रोकने की मांग की है।

सीएमडीसी को चार खदानों में बॉक्साइट खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रशासन द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। नर्मदापुर-कुनिया बॉक्साइट खदान 139.500 हेक्टेयर में प्रस्तावित है तथा इसकी जनसुनवाई मंगलवार को निर्धारित की गई है। इसी तरह 79.190 हेक्टेयर में प्रस्तावित पथरई-लुरैना बॉक्साइट खदान की सुनवाई 24 जून, 147.625 हेक्टेयर में प्रस्तावित बॉक्साइट खदान की जनसुनवाई 1 जुलाई एवं 207.870 हेक्टेयर में प्रस्तावित सरभंजा बॉक्साइट खदान की सुनवाई 2 जुलाई को निर्धारित है। प्रशासन द्वारा जनसुनवाई की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है दूसरी तरफ ग्रामीणों ने बॉक्साइट खनन से क्षेत्र के पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ने की बात कह रहे हैं। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप जनसुनवाई रोकने की मांग की है। तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नियमानुसार जनसुनवाई के 30 दिन पूर्व समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित किया जाना चाहिए साथ ही प्रभावित 46 ग्राम पंचायतों को राज्य आंकलन प्राधिकरण कार्य को वितरित किया जाना आवश्यक है जिसका पालन नहीं किया गया है। प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए प्रभावित ग्राम पंचायतों की ग्राम सभा से सहमति भी नहीं ली गई है जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश है।

### रामगढ़ महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक 24 को

**अम्बिकापुर।** आषाढ़स्य प्रथम दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले रामगढ़ महोत्सव 2026 के सफल आयोजन हेतु 24 जून को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अपराह्न 4 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि विकासखंड उदयपुर स्थित रामवनगमन पर्यटन परिपथ स्थल एवं विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला रामगढ़ में दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव 2026 का आयोजन 29 एवं 30 जून 2026 को किया जाएगा। बैठक में महोत्सव की तैयारियों, विभागीय दायित्वों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मूलभूत व्यवस्थाओं, आगंतुकों के लिए आवश्यक सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोजन के सफल संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# खाद विक्रेताओं की बैठक, निर्धारित दर पर खाद विक्रय एवं अवैध बिक्री पर सख्ती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़



किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी एवं अवैध बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसडीएम अनमोल टोप्पो ने सभी खाद विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद का विक्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विक्रेता अपने प्रतिष्ठान में उपलब्ध खाद का स्टॉक एवं मूल्य सूची प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें, जिससे किसानों को वास्तविक जानकारी मिल सके और किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचने या स्टॉक छिपाने की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि गांवों एवं अन्य क्षेत्रों में बिना लाइसेंस अथवा अवैध रूप से खाद बेचने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनधिकृत विक्रय पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। कृषि अधिकारी उमाकांत सिंह ने खाद उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने पर जोर देते हुए सभी विक्रेताओं से शासन के निर्देशों का पूर्ण पालन करने की बात कही। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे तत्काल प्रशासन एवं कृषि विभाग को सूचना दें, ताकि त्वरित निराकरण किया जा सके। प्रशासन ने किसानों के हितों की रक्षा एवं खाद की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी रखने का भरोसा दिलाया।

तहसीलदार दानिश परवेज, थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह एवं कृषि अधिकारी उमाकांत सिंह सहित क्षेत्र के सभी खाद विक्रेता उपस्थित रहे।

### बाइक-स्कूटी में भिड़ंत, एक युवक की मौत दो की हालत गंभीर

**अम्बिकापुर।** अजिरमा गोंडवाना भवन के समीप बाइक व स्कूटी में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। अजिरमा निवासी रोहन बर्मन आ. स्व. राजू बर्मन (20 वर्ष) रविवार की शाम लगभग 7.30 बजे विषकरण के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार अजिरमा गोंडवाना भवन के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीपी 3376 से भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत बाइक सवार रोहन बर्मन को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार युवक को रायपुर रेफर कर दिया वहीं घायल विषकरण का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण करने दिए निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवेदकों से चर्चा कर उनकी शिकायतों का अवलोकन किया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पात्रतानुसार निराकरण किया जाए तथा प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण को प्राथमिकता दी जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। जनदर्शन के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## साहित्यकारों का जत्था सोमनाथ सांस्कृतिक यात्रा पर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा अंतर्गत सरगुजा संभाग के साहित्यकारों, कलाकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं का जत्था सोमवार को विशेष ट्रेन से सोमनाथ के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य सोमनाथ मंदिर निर्माण के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करना है।

सोमवार को सुबह 11 बजे हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया गया। इस विशेष यात्रा में छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदियों के जल कलश तथा प्रदेश के विभिन्न स्थलों से लाई गई पवित्र मिट्टी को साथ लेकर प्रस्थान किया गया है। सोमनाथ पहुंचने पर इन कलशों के जल एवं मिट्टी से विशेष पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। यात्रा में सरगुजा जिले से कुल 87 नागरिक, कलाकार, साहित्यकार तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्ति शामिल है। सोमनाथ दर्शन के अतिरिक्त यात्री गुजरात की सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता, लोक परंपराओं और साहित्यिक गतिविधियों का आदान-प्रदान करेंगे। सरगुजा से यात्रा में शामिल साहित्यकारों एवं सांस्कृतिक कर्मियों में राजेश तिवारी, रंजीत सारथी, सुरेंद्र साहू, डॉ.अंचल कुमार सिन्हा, रानू साहू, सुधीर पाठक, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर तथा राजेन्द्र विश्वकर्मा सहित अन्य शामिल है।

